प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज दस वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से थोड़ी देर बाद मुद्रा योजना के लाभार्थियों से करेंगे संवाद।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक, लोकहित में विभिन्न विभागों के कई प्रस्तावों को मिल सकती है मंजूरी।
3. हजारीबाग में कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गयी रामनवमी की ऐतिहासिक शोभायात्रा, 145 सीसीटीवी कैमरों से हो रही है निगरानी।
4. मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में आज से 11 अप्रैल तक आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की जतायी संभावना, येलो अलर्ट जारी।
5. खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड की बालक और बालिका मलखंब टीम के चयन के लिए आज रांची में होगी प्रतियोगिता।

*************

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज दस वर्ष पूरे हो गये। इस योजना के तहत अब तक 52 करोड़ लाभार्थियों के 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि, लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए शुरू किया था। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना और उद्यमियों को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुद्रा योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद अब से थोड़ी देर बाद 9 बजे प्रसारित किया जाएगा।

*************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में दोपहर एक बजे से बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में राज्य और लोकहित में विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है।

*************

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कल देर शाम मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाक़ात की। मुलाक़ात के दौरान श्री यादव ने मुख्यमंत्री से अदानी पावर प्लांट के विस्थापितों के मामले पर चर्चा की। मुख्यमंत्री से मुलाक़ात के बाद श्री यादव ने मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्द समाधान निकाला जाएगा।

*************

हजारीबाग में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कल देर रात रामनवमी की ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली गयी। गौरतलब है कि जब पूरे देश में रामनवमी का त्योहार जब समाप्त हो जाता है तो हजारीबाग में दशमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकालने की परंपरा दशकों पुरानी है। करीब 24 घंटे के नगरभ्रमण के बाद आज देर रात शोभायात्रा समाप्त होगी। शोभायात्रा में लगभग 108 अखाड़े की झांकियां शामिल हैं। जिले की उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि सुरक्षा के लिहाज से कई एहतियाती कदम उठाये गये हैं। 145 सीसीटीवी कैमरे से शोभायात्रा की निगरानी की जा रही है।

*************

राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। बैठक में हजारीबाग के पदमा ओपी को थाना का दर्जा देने का फैसला लिया गया। एक अन्य फैसले में देवघर हवाई अड्डा के पास नया पुलिस आउट पोस्ट स्थापित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गयी है।

*************

भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला उठाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि राज्य के आदिवासी और मूलवासी अल्पसंख्यक होते जा रहे हैं, जो बेहद गंभीर मामला है।

**************

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्स शिखर सम्मेलन पहली मई से चार मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। नई दिल्ली में श्री वैष्णव ने कहा कि डिजिटल इंडिया से देश के हर कोने में डिजिटल तकनीक पहुंचने से देश में एक बहुत मजबूत रचनात्मक अर्थव्यवस्था तैयार हो रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कारण छोटे से छोटे गांव के युवाओं को अवसर मिल रहे हैं।

**************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें

- झारखंड विधानसभा में सचिवालय के पदाधिकारी और कर्मचारियों की ओर से सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सरहुल मिलन समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर समेत कई विधायक भी शामिल हुए।
- जमशेदपुर के छोटा गोविंदपुर में रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस के दौरान झंडा के हाई टेंशन तार से सटने से पांच व्यक्ति घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज चल रहा है।
- झामुमो की संविधान संशोधन कमेटी की बैठक में 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में पेश होने वाले पार्टी के संविधान संशोधन के बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया।

**************

मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में आज से 11 अप्रैल तक आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने बताया कि इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी और कुछ हिस्सों में बारिश के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

**************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए झारखंड की बालक–बालिका मलखंब टीम का चयन आज किया जाएगा। चयन प्रतियोगिता रांची के धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगी। यह एक खुली चयन प्रतियोगिता होगी, जिसमें राज्य के सभी जिलों के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

**************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने व्यापार युद्ध की आशंका से सेंसेक्स में गिरावट की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– ट्रम्प के वार से बाजारों में हाहाकार।

प्रभात खबर की सुर्खी है– 160 करोड़ के काम में जांच कमिटी को गबन की आशंका।

दैनिक भास्कर लिखता है–रांची में पहली बार नामकुम आर्मी ग्राउंड में 19 और 20 अप्रैल को सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम का एयर शो, 9 हॉक विमान दिखायेंगे कौशल, एंट्री फ्री।

दैनिक जागरण ने राज्य के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के हवाले से लिखा है–वर्ष 2025 और 26 को आदिवासी स्वाभिमान वर्ष के रुप में मनायें।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने ट्रम्प टैरिफ से शेयर बाजार में मचे हाहाकार की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।